अध्याय - 8 | सत्रिया और बिहू नृत्य

QUIZ PART-02

1. **एंजेला की माँ ने बताया कि लोग नृत्य और संगीत के माध्यम से क्या व्यक्त करते हैं?**
   A. अपना धन
   B. अपनी भावनाएँ
   C. अपनी शक्ति
   D. अपना ज्ञान (B)

व्याख्या : नृत्य और संगीत के माध्यम से लोग अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

2. **असम का बिहू नृत्य किससे जुड़ा हुआ है?**
   A. केवल मंदिरों से
   B. ग्रामीण जनजीवन और फसल से
   C. शहरों के जीवन से
   D. केवल बच्चों के खेल से (B)

व्याख्या : बिहू नृत्य ग्रामीण जनजीवन, फसल लगाने और बसंत के आगमन से जुड़ा है।

3. **एंजेला की माँ असम में किस कार्य में व्यस्त थीं?**
   A. पुस्तक लिखने में
   B. चित्र बनाने में
   C. डॉक्यूमेंट्री के लिए तथ्य जुटाने और साक्षात्कार लेने में
   D. नृत्य सीखने में (C)

व्याख्या : वे डॉक्यूमेंट्री के लिए तथ्य जुटाने और साक्षात्कार लेने में व्यस्त थीं।

4. **'दक्षिणापथ सत्र' में एंजेला और उसकी माँ की मुलाकात किससे हुई?**
   A. अनु से B. रीना सेन से
   C. एलेसेंड्रा से D. साधुओं से (B)

व्याख्या : दक्षिणापथ सत्र में उनकी मुलाकात असम की जानी-मानी लेखिका रीना सेन से हुई।

5. **अनु का पसंदीदा खिलौना क्या था?**
   A. गुड़िया
   B. लकड़ी का घर
   C. नारियल की जटा से बना घर
   D. लकड़ी का तीर-कमान (D)

व्याख्या : अनु का पसंदीदा खिलौना लकड़ी का बना तीर-कमान था, जिससे वह राम बनती थी।

6. **खेलते समय एंजेला किसकी भूमिका निभा रही थी?**
   A. सीता B. अनु की मित्र
   C. शक्तिशाली रावण D. साधु (C)

व्याख्या : खेल के दौरान एंजेला ने शक्तिशाली रावण की भूमिका निभाई थी।

7. **सत्रिया नृत्य का फिल्मांकन कहाँ किया गया?**
   A. विद्यालय में
   B. गाँव के मैदान में
   C. वैष्णव मठ के सभागार में
   D. शहर के मंच पर (C)

व्याख्या : वैष्णव मठ के सभागार में युवा साधुओं के सत्रिया नृत्य का फिल्मांकन किया गया।

8. **बीसवीं शताब्दी के मध्य में क्या परिवर्तन हुआ?**
   A. नृत्य बंद कर दिया गया
   B. केवल महिलाएँ नृत्य करने लगीं
   C. साधु मठों से बाहर आकर पुरुषों और महिलाओं को सत्रिया नृत्य सिखाने लगे
   D. केवल बच्चे नृत्य करने लगे (C)

व्याख्या : बीसवीं शताब्दी के मध्य में कुछ साधु मठों से बाहर आकर पुरुषों और महिलाओं को सत्रिया नृत्य सिखाने लगे।

9. **शुरु में मठों से बाहर नृत्य सिखाने वाले साधुओं के साथ क्या हुआ?**
   A. उन्हें सम्मानित किया गया
   B. उन्हें मठों से निकाल दिया गया
   C. उन्हें पुरस्कार मिला
   D. उन्हें गुरु बना दिया गया (B)

व्याख्या : प्रारंभ में ऐसे साधुओं को मठों से निकाल दिया गया था।

10. **आधुनिक समय में महिला सत्रिया कलाकारों के लिए क्या सामान्य बात हो गई है?**
    A. घर पर अभ्यास करना
    B. मंच पर नृत्य करना
    C. केवल मठ में रहना
    D. विदेश जाना (B)

व्याख्या : आधुनिक दौर में महिला सत्रिया कलाकारों के लिए मंच पर नृत्य करना सामान्य बात हो गई है।